## प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

मुख्य समाचार''

- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा प्रदेश सरकार राज्य में आधुनिक एवं सुदृढ़ पेयजल और स्वच्छता ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध।
- प्रदेश में ग्रामीण इलाकों को सड़क सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना हो रही वरदान साबित।
- चेस्टर हिल–2 और 4 प्रोजेक्ट पर रेरा ने लगाया 70 लाख का जुर्माना– मामले की अगली सुनवाई 5 जून को होगी।
- प्रदेश में उच्च अधिकारियों का 20 से 30 प्रतिशत तक वेतन अगले 6 महीने तक स्थगित– वित्त विभाग ने अधिसूचना की जारी।
- शिमला जिला के मंदिरों में श्रद्धालुओं को जल्द मिलेंगी ऑनलाइन दर्शन सहित अन्य सुविधाएं– वेबसाइट विकसित करने का कार्य लगभग 80 फीसदी पूरा।

### व्यापार समझौता

भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की बातचीत आज फिर शुरू होगी। यह वार्ता आज से 22 अप्रैल तक वाशिंगटन में होनी है। तीन दिन की वार्ता का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर टैरिफ में बदलावों के बीच शुल्क रूपरेखा की समीक्षा करना है। अमरीकी शुल्कों में बदलावों के बाद दोनों देश द्वारा प्रस्तावित समझौते के पुनः आकलन के बीच यह वार्ता महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### उप मुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधुनिक एवं सुदृढ़ पेयजल तथा स्वच्छता ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चंबा जिला के डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की लगभग 96 करोड़ 32 लाख धनराशि वाली तीन परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। साथ में उन्होंने लगभग 3 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि से निर्मित होने वाली मल निकासी योजना डलहौज़ी का शिलान्यास भी किया। मुकेश अग्निहोत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गततीन वर्षों के दौरान सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि डलहौज़ी शहर में पर्यटन की दृष्टि से भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अग्निहोत्री ने बताया कि डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा कार्यान्वित विभिन्न परियोजनाओं के तहत 3 सौ 15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के कार्य प्रगति पर हैं।

## वेतन

प्रदेश में वित्तीय संकट के बीच राज्य सरकार ने बडा निर्णय लेते हुए आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का 20 से 30 प्रतिशत तक वेतन अगले छह महीने तक के लिए स्थगित कर दिया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने कल अधिसूचना जारी की है। यह स्थगन इस महीने से प्रभावी होगा जो मई 2026 में देय होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी स्थगन है और रोकी राशि वित्तीय स्थिति सुधरने पर जारी की जाएगी।

## चेस्टर हिल्स–2

रेरा ने सोलन के चेस्टर हिल्स–2 और 4 प्रोजेक्टों में बेनामी लेनदेन, वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन पर कड़ा रूख अपनाते हुए प्रमोटर और डवेल्पर पर 70 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। रेरा अध्यक्ष आर डी धीमान ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 5 जून को होगी। रेरा पीठ ने निर्देश जारी करते हुए डवेलपर और भू मालिक को जुर्माने की राशि 30 दिन में रेरा फंड में जमा करवाने को कहा है। उपायुक्त सोलन को इस बारे जांच कर जल्द रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए गए हैं।

## ग्रामीण सड़क योजना

प्रदेश में ग्रामीण इलाकों को सड़क सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना वरदान साबित हो रही है। इसी के तहत सिरमौर जिला में कई दुर्गम इलाके योजना के तहत सड़क सुविधा से जुड़ रहे है। योजना के चौथे चरण के तहत जिलेमें 11 नई सड़कों को मंजूरी मिली है जिनका निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

*सिरमौर जिला के ग्रामीण इलाकों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना कारगर साबित हो रही है और सभी दुर्गम इलाकों को योजना के तहत सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है चौथे चरण में 11 सड़कों को स्वीकृति मिली है। जिला सिरमौर के अलग–अलगविकास खंडों में बनने वाली इन सड़कों पर करोड़ों की राशि खर्च की जा रही ह ैजिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा विभागीयजानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में बनने जारही 11 सड़कों के निर्माण पर करीब 90 करोड रुपए की राशि खर्चकी जाएगी। स्वीकृत 11 सड़कों में से 5 सड़कें पांवटा साहिब, 3 शिलाई, जबकि एक एकसड़क नाहन, पच्छाद और राजगढ़। विकास खंड में बनने जा रही है। विभाग द्वारा इनसड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्दनिर्माण कार्य होने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन सड़कों के निर्माण सेकनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।सतीशशर्मा....*

## ऑनलाइन दर्शन

शिमला जिला के मंदिरों से श्रद्धालुओं को ऑनलाइन दर्शन सहित अन्य सुविधाएं जल्द मिलने वाली है। प्रसिद्ध मंदिरों की वेबसाइट विकसित करने का कार्य करीब 80 फीसदी पूरा कर लिया गया है। जिला के मंदिरों की एक श्रेष्ठ वेबसाइट का निर्माण किया जा रहा है जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर से संबंधित हर प्रकार की जानकारी हासिल करने में सुविधा मिलेगी।

## अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

*वेबसाइट के ऑनलाइन माध्यम से ही श्रद्धालुओं को वास्तविक दर्शन करने की सुविधा, भंडारा स्लॉट बुकिंग, चंदा, लाइव आरती दर्शन, सराय बुकिंग आदि जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। प्रथम चरण में शिमला के तीन मंदिरों माता तारा देवी मंदिर, संकटमोचन मंदिर एवं जाखू मंदिर को वेबसाइट में शामिल किया जाएगा। इसके पश्चात जिला के अन्य मंदिरों को भी इस वेबसाइट में शामिल किया जाएगा। वेबसाइट निर्माण से मंदिरों में जहांपारदर्शिता बनेगी, वहीं श्रद्धालुओं को हर प्रकार की जानकारी हासिल करने की भीसुविधा मिलेगी। वेबसाइट के माध्यम से लोगों को मंदिर का इतिहास, संस्कृति, मैप,फोटो एवं आरती की समय सारणी आदि की जानकारी भी मिलेगी। इसके अलावा मंदिरोंमें भंडारों की डिटेल एक क्लिक पर मिलेगी। वेबसाइट पर क्लिक करते ही किस दिन किसनेभंडारा लगाना है, इसके बारे में सारी अपडेट होगी। वही जिला शिमला के मंदिरोंमें बनने वाले भंडारे में न्यूनतम मानक भी तय होंगे। इसके लिए उपायुक्त शिमला नेजिला के सभी एसडीएम को निर्देश दिए है कि वे अपने–अपने अधीन आने वालेमंदिरों में बनने भंडारे को लेकर न्यूनतम व्यंजन बनाया जाए ताकि एकरूपता और न्यूनतममानक बनाए जा सके।योगराजशर्मा भाजपाप्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने*

*कांग्रेस पार्टी पर देश की महिलाओं के अधिकारोंका हनन करने का आरोप लगाया है। जय सिंह ने चम्बा जिला की ग्राम पंचायत कीड़ी केनागेला गांव में आयोजित पोल खोल अभियान के दौरान लोगों को संबोधितकरते हुए कहा कि चुनावी रैली में नारी सम्मान का दिखावा और संसद में महिलाआरक्षण के बिल का समर्थन न करना कांग्रेस का दोहरा चेहरा सामने लाया है।बाईटः जयसिंहजय सिंहने कहा कि चुनावी रैली में नारी सम्मान का दिखावा और संसद में महिला आरक्षण केबिल का समर्थन न करना कांग्रेस का दोहरा चेहरा सामने लाया  है। नारी शक्ति केकैंपेन चलाए गए लेकिन जब महिला आरक्षण की बात आई तो महिलाओं का समर्थन नहींकिया गया। हिमाचल प्रदेश के भी हालत कुछ ऐसे ही हैं । कांग्रेस पार्टी की सरकार नेप्रदेश में महिलाओं को ठगने का काम किया है । चुनावों के दौरान महिलाओं को1500 रुपए देने वाली ससरकार के 3 साल पूरे होने के बाद भी महिलाएं इस राशि सेवंचित है। कांग्रेस की सरकार का 2027 में सुपड़ा साफ होने वाला है ।  उन्होंने सदर विधायक से सवाल करते हुए कहा किचुनावों से पहले महिलाओं के सम्मान की बात कही गई और हर महिला के खाते में1500 के नाम पर 10000 फॉर्म भरे गए। लेकिन वह आज फॉर्म कहां है इसकी कोई जानकारीउनके पास नहीं है।*

**भाजपा बैठक**

भाजपा की विशेष बैठक शिमला में आयोजित की गई। बठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पंचायतों, नगर निकायों, विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी को कम करके उनके साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शिमला में प्रदेश व्यापी कांग्रेस महिला विरोधी जन आक्रोश पद यात्रा आगामी 23 अप्रैल को आयोजित करेगी।

**जय सिंह**

इस बीच भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर देश की महिलाओं के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया है। जय सिंह ने चम्बा जिला की ग्राम पंचायत कीड़ी के नागेला गांव में आयोजित पोल खोल अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैली में नारी सम्मान का दिखावा और संसद में महिला आरक्षण के बिल का समर्थन न करना कांग्रेस का दोहरा चेहरा सामने लाया है।

**बाईट : जय सिंह**

जय सिंह ने कहा कि चुनावी रैली में नारी सम्मान का दिखावा और संसद में महिला आरक्षण के बिल का समर्थन न करना कांग्रेस का दोहरा  चेहरा सामने लाया  है। नारी शक्ति के कैंपेन चलाए गए लेकिन जब महिला आरक्षण की बात आई तो महिलाओं का समर्थन नहीं किया गया। हिमाचल प्रदेश के भी हालत कुछ ऐसे ही हैं । कांग्रेस पार्टी की सरकार ने प्रदेश में महिलाओं को ठगने का काम किया है । चुनावों के दौरान महिलाओं को 1500 रुपए देने वाली ससरकार के 3 साल पूरे होने के बाद भी महिलाएं इस राशि से वंचित है। कांग्रेस की सरकार का 2027 में सुपड़ा साफ होने वाला है ।  उन्होंने सदर विधायक से सवाल करते हुए कहा कि चुनावों से पहले महिलाओं के सम्मान की बात कही गई और हर महिला के खाते में 1500 के नाम पर 10000 फॉर्म भरे गए। लेकिन वह आज फॉर्म कहां है इसकी कोई जानकारी उनके पास नहीं है।

**अनिता ठाकुर**

राज्य सरकार ने अनिता ठाकुर को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सामाजिक न्याय एव अधिकारिता विभाग के सचिव सी पी वर्मा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अनीता को तीन साल के लिए अध्यक्ष बनाया गया है। वह महिला विकास निगम की पूर्व निदेशक रह चुकी है। अनीता ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अब छह महीने तक शीर्ष अफसरों की 30 फीसदी सैलरी कम मिलेगी** शीर्षक से **दैनिक भास्कर** ने लिखा है प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने लिया फैसला। **पंजाब केसरी** ने लिखा है **हिमाचल में उच्च अधिकारियों के वेतन में 6 माह तक अस्थायी कटौती।**

**दैनिक जागरण** के अनुसार **चेस्टर हिल–2 और 4 प्रोजैक्ट पर रेरा ने लगाया 70 लाख रूपए का जुर्माना।**

मौसम से जुड़ी खबर को **अमर उजाला** ने शीर्षक दिया है **मौसम के रंग–रोहतांग समेत चोटियों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में बढ़ी तपिश।**

**दिव्य हिमाचल** के अनुसार **बल्क ड्रग पार्क में 25 बीघा से कम कोई प्लॉट नहीं, 20 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार।**

पंचायत चुनाव से जुड़ी खबर को **हिमाचल दस्तक** ने शीर्षक दिया है **अवैध कब्जा हटाने के 6 साल बाद तक चुनाव लड़ने पर रहेगा प्रतिबंध।**

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा प्रदेश सरकार राज्य में आधुनिक एवं सुदृढ़ पेयजल और स्वच्छता ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध।

- प्रदेश में ग्रामीण इलाकों को सड़क सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना हो रही वरदान साबित।

  - चेस्टर हिल–2 और 4 प्रोजेक्ट पर रेरा ने लगाया 70 लाख का जुर्माना– मामले की अगली सुनवाई 5 जून को होगी।

  - प्रदेश में उच्च अधिकारियों का 20 से 30 प्रतिशत तक वेतन अगले 6 महीने तक स्थगित– वित्त विभाग ने अधिसूचना की जारी।

और

- शिमला जिला के मंदिरों में श्रद्धालुओं को जल्द मिलेंगी ऑनलाइन दर्शन सहित अन्य सुविधाएं– वेबसाइट विकसित करने का कार्य लगभग 80 फीसदी पूरा।

.................